राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

जीवन की सम्पूर्णता का ज्ञान देनेवाली शिक्षा ही श्रेयस्कर है–राज्यपाल

पटना, 02 दिसम्बर 2018

''मनुष्य को आज ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जो उसे जीवन की सम्पूर्णता का ज्ञान देती हो। जीवन को समग्रता में देखे बगैर मनुष्य के सर्वतोन्मुखी विकास की परिकल्पना बेमानी है। सरस्वती विद्या मंदिर भारतीय संस्कृति के अनुरूप विद्यार्थियों में जीवन की सम्पूर्णता का बोध कराते हैं, अतएव यहाँ दी जानेवाली शिक्षा से व्यक्ति में चरित्र का विकास होता है।''–उक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने स्थानीय केशव सरस्वती विद्या मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित 'रजत जयन्ती समारोह' को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि आज भारत में पुनर्जागरण तेजी से हो रहा है। प्राचीन सांस्कृतिक विरासतें और समृद्धियाँ पुनः साकार और जीवंत हो रही हैं। ऐसे में सरस्वती विद्या मंदिर जैसी संस्थाओं का महत्त्व ज्यादा बढ़ जाता है, जहाँ बच्चों में भारतीय संस्कार शुरू से ही भरने का काम पूरी निष्ठा के साथ होता है। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों के हृदय में सत्य के प्रति अनुरक्ति, प्रेम और अनुशासन की भावना भरकर ही राष्ट्रीय नवनिर्माण के कार्यों को गति प्रदान की जा सकती है।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र आज अँगड़ाई ले रहा है। ऐसे में युवाशक्ति को शांति, अध्यात्म, संस्कृति–बोध और राष्ट्रीयता से ओत–प्रोत होते हुए भारत को पुनः 'जगद्गुरू' बनाने के लिए तत्पर होने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि विदेशी मिशनरियों द्वारा संचालित 'कन्वेन्ट स्कूलों' में शिक्षा दिलाने के लिए अभिभावकों की भागदौड़ उचित नहीं है। यहाँ मनुष्य को सम्पूर्णता में शिक्षा नहीं मिलती। भारतीय सांस्कृतिक बोध और ऐतिहासिक विरासतों की जानकारी तो भारतीय शिक्षण–पद्धति के माध्यम से ही मिल सकती है। राज्यपाल ने शिक्षा में खेलकूद, कला, संगीत आदि सारी विधाओं को समुचित रूप से समाहित करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे भारतीय विद्यार्थियों को समग्रता में शिक्षा मिल सकेगी।

राज्यपाल ने 'रजत जयन्ती' के अवसर पर केशव सरस्वती विद्या मंदिर के सभी विद्यार्थियों, आचार्यों, विद्यालय–प्रबंधन समिति के सदस्यों आदि को साधुवाद और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कुछ पूर्ववर्त्ती विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव ने विद्यालय होकर माधवपुर बाँध तक मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सड़क–निर्माण कराये जाने की घोषणा की, ताकि क्षेत्र की जनता और विद्यार्थियों सहित सबको लाभ हो।

कार्यक्रम में आर॰एस॰एस॰ के सह क्षेत्र–प्रचारक श्री रामनवमी प्रसाद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष–सह–सांसद श्री नित्यानंद राय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। श्री रमेन्द्र राय ने विद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्वागत–भाषण केशव सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य श्री दिनेश मिश्र ने किया, जबकि धन्यवाद–ज्ञापन विद्यालय के सचिव श्री अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल का अभिनन्दन विद्यालय–समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश नारायण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यान पार्षद श्री सूरजनंदन मेहता, पूर्व विधान पार्षद श्री राजेन्द्र गुप्ता सहित कई गणमान्यजन, अभिभावकगण आदि भी उपस्थित थे।

....